श्री

नाऽयमात्मा बल-हीनेन लभ्य.

राजस्थानी

राजस्थानी भाषा, साहित्य, इतिहास और कलाकी शोध-संबंधी निबंधमाला

भाग १

राजस्थानी

[रामसिंह]

वीर-भूरी वीर-वाणी !
अमर वाणी राजथानी !!

फोड़ दो-रे कँठ-सुरसूं गर्जती जै-जै भवानी
अमर साहितरी धिराणी राजभाषा लोक-वाणी

वीर-भूरी वीर-वाणी !
अमर वाणी राजथानी !!

दिव्य करणी-साधना तू मधुर मीरा-भक्ति-मृदु-फल
मृत्यु मृत्युजय अमररी टेक पातलरी हलाहल
पदमणीरी आत्म-शक्ती सजल जौहररी अटल झल

धाक थारी विश्व मानी
वीर-भूरी वीर वाणी !
अमर वाणी राजथानी !!

अब ! विछड़या बधवांने अेक कर दे ! अेक कर दे !
ग्यान भर विग्यान भर, मा ! प्राणमें तू प्राण भर दे !
विश्वमें गूंजै सदा ही अमर मरुरी अमर का'णी

राज-महिरी राजराणी
गीरवाणी जै भवानी

वीर-भूरी वीर वाणी !
अमर वाणी राजथानी !!

राजस्थान

प्यारे राजस्थान !
हमारे प्यारे राजस्थान !

तू जननी, तू जन्मभूमि है
तू जीवन तू प्राण
तू सर्वस्व शूर-वीरोंका
मारवका अभिमान
हमारे प्यारे राजस्थान !

तेरी गौरव-मयी गोदका
रखनेको सम्मान
करते रहे सपूत निछावर
हँसते-हँसते प्राण
हमारे प्यारे राजस्थान !

जौहरकी ज्वालामें खिलती
थी अक्षय मुसकान
धन्य वीर-बालामें तेरी
धन्य धन्य बलिदान
हमारे प्यारे राजस्थान !

जब तक जीवित हैं हम तेरी
वीर-व्रती सन्तान
ऊँचा मस्तक अमर, अमर है
तेरा रक्त निशान
हमारे प्यारे राजस्थान !

प्यारे राजस्थान !
हमारे प्यारे राजस्थान !!

—'प्रताप-परीक्षा' से उद्धृत

राजस्थानी भाषा और साहित्य

[नरोत्तमदास स्वामी]

अध्याय १—प्रस्तावना

१—क्षेत्रफल और जनसंख्या

राजस्थानी महान भारत-यूरोपीय Indo-European भाषा-परिवारकी अेक शाखा है। वह राजस्थान[1] प्रान्तकी मातृभाषा है जिसमें वर्त्तमान राजपूतानेका अधिकांश भाग तथा मालवा सम्मिलित हैं। विस्तारमें यह प्रदेश भारतवर्षके

---

१ प्रांतका राजस्थान यह नाम प्राचीन नहीं आधुनिक है। इस शब्द का अर्थ है भारतीय देशी राजा द्वारा शासित भू-भाग। गुजराती भाषामें इस शब्द का प्रयोग अभी तक इस अर्थमें होता है। राजस्थानमें देशी राजाओंके बहुत से राज्य थे इसलिअे इसे राजस्थान या रायथान कहा जाने लगा। साहित्यमें इस शब्दका सबसे पहले प्रयोग संभवतः कर्नल टाडने किया। सरकारी रूपसे प्रांतका यह नाम गृहीत न होने पर भी यह बहुत लोकप्रिय हुआ—राजपूताना-की अपेक्षा राजस्थान नाम ही आज अधिक प्रचलित है। इसका श्रेय कर्नल टाडके सुप्रसिद्ध राजस्थानका इतिहास नामक ग्रन्थको है। भारतकी राष्ट्रीय महासभा Indian National Congress ने भी प्रांतका यही नाम स्वीकृत किया है। मालवा आजकल यद्यपि राजस्थानसे अलग समझा जाता है पर भाषाकी दृष्टिसे वह वस्तुतः राजस्थानका ही विभाग है।

राजस्थान प्रांतके लिअे कभी-कभी मारवाड़ नामका भी प्रयोग किया जाता है पर यह नाम इतना व्यापक अर्थ देनेमें असमर्थ है। अेक अर्थमें मारवाड़ राजस्थान के रेतीले मरु-प्रदेश का वाचक है और दूसरे अर्थमें राजस्थानके अन्तर्भूत अनेक राज्योंमेंसे अेक राज्य—जोधपुर—का। इन दोनों ही अर्थोंमें वह सम्पूर्ण राजस्थानका वाचक नहीं। राजस्थानका केवल पश्चिमोत्तर भाग ही मरुभूमि है अतः मेवाड़, वागड़, हाडौती आदि प्रदेश मारवाड़ नहीं कहे जा सकते, न इन प्रदेशोंके निवासी अपने देशको मारवाड़ या अपनेको मारवाड़ी कहते ही हैं। राजस्थानमें मारवाड़ी नामसे जोधपुर (मारवाड़) राज्यके निवासीका ही बोध होता है। राजस्थानके बाहर राजस्थानके वैश्य व्यापारी मारवाड़ी कहे जाते हैं। इस प्रकार न मारवाड़ नाम समस्त राज-स्थानका बोध कराता है और न मारवाड़ी नाम समस्त राजस्थान-निवासियों का।

बड़ा[1] है। भारतीय भाषाओंमें हिन्दीको छोड़कर किसी भाषाका क्षेत्र इतना बड़ा नहीं।

राजस्थानी बोलनेवालोंकी संख्या डेढ़ करोड़के ऊपर है। वे अधिकांशमें राजपूताना तथा मालवामें रहते हैं परन्तु राजस्थानके बाहर भी बड़ी संख्यामें पाये जाते हैं। भारतका कदाचित ही कोई स्थान ऐसा हो जहां राजस्थानी सैनिक और राजस्थानी व्यापारी न पहुंचा हो। कलकत्ता, बम्बई आदि व्यापारके प्रमुख केन्द्रोंसे लेकर छोटे-से-छोटे गांवों तकमें राजस्थानी व्यापारी मिलेगा। प्रवासी राजस्थानियोंका मुख्य केन्द्र बंगाल है। बम्बई प्रान्तमें भी वे अच्छी संख्यामें पाये जाते हैं।

जन-सख्याकी दृष्टिसे राजस्थानीका भारतवर्षकी भाषाओं में (सातवां या) आठवां और ससारकी भाषाओंमें (इक्कीसवें से) चौबीसवां स्थान है जैसा कि नीचे लिखे आंकडोंसे ज्ञात होगा—

(१) चीनी	५० करोड	(८) फ्रेंच	७ करोड
(२) अंग्रेजी	२५ करोड	(९) पुर्तगाली	५ करोड
(३) रूसी	२० करोड	(१०) बंगला	५ करोड
(४) हिंदी (बिहारी सहित)	११ करोड	(११) इटालियन	४½ करोड
(५) जापानी	१० करोड़	(१२) जावानी	४ करोड़
(६) स्पेनी	१० करोड	(१३) पोल	३ करोड
(७) जर्मन	८ करोड	(१४) अरबी	३ करोड़

---

[1] तुलनाके लिये नीचे इनके क्षेत्रफल वर्गमीलोंमें दिये जाते हैं—

राजपूताना और मालवा १२९+२६=१५५ हजार वर्गमील

मद्रास	१,४२ हजार	पोलैंड	१,५० हजार	यूगोस्लाविया	९५ हजार
बंबई	१,२३ हजार	नारवे	१,४९ हजार	इंग्लैंड	५८ हजार
युक्तप्रान्त	१,०६ हजार	फिनलैंड	१,३४ हजार	यूनान	५० हजार
पंजाब	९९ हजार	ईराक	१,१६ हजार	आयर	२७ हजार
बंगाल	७७ हजार	इटली	१,१५ हजार	..	.
मध्यभारत	९९ हजार	जापान	१,१५ हजार	..	
बिहार	६९ हजार	रोमानिया	१,१३ हजार	.	..

(१६) [बिहारी]	२½ करोड़	(२०) कोरियाई	२ करोड़
(१६) तेलगू	२१ करोड़	(२१) डच	१½ करोड़
(१७) तमिळ	२½ करोड़	(२२) पंजाबी	१½ करोड़
(१८) मराठी	२ करोड़	(२३) ईरानी	१½ करोड़
(१९) रोमानियन	२ करोड़	(२४) राजस्थानी	१½ करोड़[1]

२—सीमायें

राजस्थानीके चारों ओर नीचे बतायी भाषायें बोली जाती हैं—

(१) उत्तरमें—पंजाबी

(२) पश्चिमोत्तरमें—हिन्दकी या मुलतानी या पश्चिमी पंजाबी

(३) पश्चिममें—सिंधी

(४) दक्षिण-पश्चिममें- गुजराती

(५) दक्षिणमें—गुजराती भीली और मराठी

(६) दक्षिण-पूर्वमें—मराठी, और हिन्दीकी बुन्देली नामक उपभाषा

(७) पूर्वमें—हिंदीकी बुंदेली और ब्रज नामक उपभाषायें

(८) उत्तर-पूर्वमें—हिन्दीकी बागरू उपभाषा

---

१ तुलनाके लिये भारतकी और संसारकी कुछ और भाषाओंके बोलनेवालोंके आँकड़े नीचे दिये जाते हैं—

(१) स्लावी	१,४५ लाख		(१२) मंगोलियन	६	लाख
(२) तुर्की	१४१ लाख		(१३) स्लोविक	६२	लाख
(३) बंगला	११२ लाख		(१४) सिंधी	४	लाख
(४) जर्मन	११२ लाख		(१५) केल्टिक	१७	लाख
(५) पश्चिमी	११ लाख		(१६) फिनलैंडी	३	लाख
(६) गुजराती	११ लाख		(१७) बाल्टिक	३	लाख
(७) मैसेडोनियन	१ ६ लाख		(१८) लिथुआनियन	११	लाख
(८) मलयालम	५१ लाख		(१९) अरमिनिया	२	लाख
(९) हिब्रू	८५ लाख		(२) आसामी	१४	लाख
(१) ईरानियन	८ लाख		(२१) पश्तो	१६	लाख
(११) पुश्तो	६६ लाख				

भारतीय आर्य-भाषाओंका चित्र
पंजाबी
सिंधी
मारवाड़ी
गुजराती
मालवी
मराठी
बिहारी
उड़िया
बंगाला
असमिया

इन भाषाओंमें गुजरातीका राजस्थानीके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है। सोलहवीं शताब्दी तक गुजराती और राजस्थानी अेक ही भाषा थी।[1] भीली राजस्थानी और गुजरातीकी मिश्रित भाषा है। इसी प्रकार बांगड़ू भी राजस्थानी और खड़ीबोलीका मिश्रण है। ब्रजभाषाका भी राजस्थानीसे पर्याप्त साम्य है। खड़ीबोलीमें भी राजस्थानीकी अनेक विशेषताअें पायी जाती हैं जो साहित्यिक हिंदीमें नहीं पायी जाती।[2]

---

१ (A) Rajasthani, & Gujrati are hence very closely connected and are, in fact, little more than variant dialects of one and the same language (Grierson Linguistic Survey of India, Vol I, Pt I, Page 170)

(B) Gujrati and Rajasthani are derived from the one and same-source dialect to which the name of Old Western Rajasthani has been given Gujrati must have differentiated from Old Western Rajasthani in the sixteenth century into a separate language (Dr Suniti Kumar Chatterji Origin & Development of Bengali Language, Vol I, Page 9)

(C) The differentiation of Gujrati from the Marwari dialect of Old Western Rajasthani is quite modern We have poems written in Marwar in the fifteenth century which were composed in the Mother language that later on developed into these two forms of speech (Grierson Linguistic Survey of India, Vol I, Page 170, footnote)

(D) हाल-नी राजकीय व्यवस्था-नी घटना-मां मारवाड़ अने गुजरात जुदा पड़ी गया छे। अने अे बे देश वच्चे साहित्य-नो संबंध रह्यो नथी। मारवाड़ी भाषा-मां वर्तमान समय-नूं साहित्य न्यून होवा थी मारवाड़ी भाषा हिंदी भाषा-नूं ऊपरीपणूं स्वीकारती जणाय छे अने मारवाड़-ना लेखको आदर्शो माटे हिंदी तरफ वलता जणाय छे। गुजराती भाषा-ना वर्तमान साहित्य-मा अेवी न्यूनता नथी अने गुजराती भाषा हिंदुस्तान-नी बीजी कोई वर्तमान भाषा-नूं ऊपरीपणूं स्वीकारे तेम नथी, तथा पोता-नूं पृथक् स्वरूप खोई बीजी कोई भाषा-मां मली जाय तेम नथी। — (रमणभाई महीपतराम नीलकंठ)

२ उदाहरणके लिअे—

(१) मूर्धन्य णकारकी अधिकता (२) ळकारका प्रयोग (३) वर्त्तमान और अपूर्णभूत आदि कालोंमें तिङन्तीय या अ-कृदन्तीय रूपोंका प्रयोग, जैसे—आता है के स्थान पर आवे है और मारता था के स्थान पर मारै थो।

राजस्थानी भरतपुर राज्यको छोड़कर बाकी सारे राजपूतानेमें और मालवे में बोली जाती है। उत्तरमें भटियाणी और राठी बोलियोंके द्वारा पंजाबीमें, पश्चिममें हिन्दकी और सिंधीमें दक्षिणमें पालनपुरमें गुजराती में पूर्वमें ग्वालियर राज्यमें बुंदेलीमें और पूर्वोत्तरमें करौली और भरतपुरमें डांगकी बोलियों द्वारा ब्रज भाषामें तथा बांगड़ ।द्वारा पहाड़ीबोलीमें मिल जाती है। भीली भाषा राजस्थानमें राजस्थानीके क्षेत्रके भीतर बोली जाती है।

१—नाम

इस भाषाका राजस्थानी यह नाम नवीन और आधुनिक भाषा-वैज्ञानिकों का दिया हुआ है। अब यह नाम इतना प्रचलित हो चुका है कि देश विदेशके सभी विद्वान इस भाषाका इसी नामसे उल्लेख करते हैं और सरकारी कागज पत्रों तथा रिपोर्टों आदि में भी इसीका प्रयोग किया जाता है। भारतीय भाषा तत्त्व विशारदोंने भी इसी नामको सर्वमान्य किया है।

किसी भाषाका नाम-या तो देश अथवा प्रान्तके नाम पर पड़ता है, या उस भाषाकी साहित्यमें काम आनेवाली उपभाषा के नाम पर। क्योंकि प्रान्तका राजस्थान नाम आधुनिक है अतः भाषाका राजस्थानी नाम भी आधुनिक है।

इस भाषाका पुराना नाम मरु-भाषा था। राजस्थानीके लेखकोंने अपनी भाषाको बराबर मरु-भाषा ही कहा है[1]। मारू भाषा[2] मुरधर भाषा मरुदेशीया भाषा[3] आदि नामोंका प्रयोग भी मिलता है। राजस्थानीकी उपभाषाओंमें मार

---

१ (क) मरुभासा निर्मल तणी करी मरु-भाषा चौज।

—गोपाल लाहोरी कृत रस-विलास

(ख) डिंगल उन्मादक पहुप मरु-बानीहु विवेच।

—सूर्यमल्ल मिश्रण कृत वंश-भास्कर

(ग) मरु-भूम-भासा-तणी मारग रमै बाकी रीत्यू।

—कवि मंछ कृत रघुनाथरूपक

२ पर अर्बुद मन् व बहल मारू-भाषा-नर।

—कवि मोहजी कृत पाबूप्रकाश।

३ सूर्यमल मिश्रणने वंशभास्करमें बराबर 'मरुदेशीया भाषा' शब्दका प्रयोग किया है।

वाड़ी सबसे प्रधान है और सदासे रही है। जिस प्रकार आजकल हिन्दीकी अनेक उपभाषाओंमेंसे खड़ीबोली साहित्यकी भाषा है उसी प्रकार मारवाड़ी सदासे साहित्यकी भाषा रही है। राजस्थानके सभी भागोंके लेखकोंने साहित्य-रचनाके लिअे मारवाड़ीको ही अपनाया। डिंगलकी आधार-भूत भाषा भी मारवाड़ी ही है। फलतः राजस्थानीके लिअे सदा मरुभाषा शब्द ही प्रयुक्त हुआ। प्रान्तका नाम राजस्थान होने पर भाषा भी राजस्थानी कहलाने लगी। बोलचालमें राजस्थानीके लिये मारवाड़ी नामका प्रयोग अभी तक होता है।

साहित्यिक राजस्थानी, विशेषतः चारणी साहित्यकी भाषा, डिंगल नामसे प्रसिद्ध रही है। यह नाम भी विशेष प्राचीन नहीं है। इसका विवेचन आगे किया जायगा।

यह भाषा प्राचीन कालसे अेक स्वतन्त्र भाषा रही है। आठवीं शताब्दीमें उद्योतनसूरिने कुवलयमाला नामका अेक कथा-ग्रन्थ लिखा जिसमें अठारह देश-भाषाओंको गिनाया गया है। उनमें मरुदेशकी भाषाकी भी गिनती की गयी है। सत्रहवीं शताब्दीमें अबुलफजलने अपने आईने-अकबरी ग्रन्थमें भारतवर्षकी प्रमुख भाषाओंमें मारवाडीको भी गिनाया है।

४—शाखाअें

बोलचालकी भाषा कोस-कोस पर बदलती है अतः किसी भी भाषामें शाखा-प्रशाखाओंका होना स्वाभाविक है। राजस्थानीके भी अनेक भेद-प्रभेद हैं। ग्रिय-र्सनके अनुसार राजस्थानीके कोई बीस भेद हैं। मैकालिस्टरने अकेली जयपुरीके ही १५ भेदोंका उल्लेख किया है।

राजस्थानीके अनेक भेद-प्रभेद होने पर भी उनमें परस्पर इतना अन्तर नहीं कि अेकको बोलनेवाला दूसरेको भली भांति न समझ सके। व्याकरणका मूल ढाँचा सबका समान है। व्याकरणके ढाँचेकी यह समानता ही राजस्थानीको ब्रजभाषा, खड़ीबोली और गुजराती से पृथक करती है। यह बात भी ध्यानमें रखना आवश्यक है कि अनेक भेद-प्रभेदोंके होने पर भी समस्त राजस्थानमें साहित्य और शिक्षाकी भाषा सदा अेक ही रहती आयी है। हिन्दीके आगमनके पूर्व साहित्यकी अेक ही भाषा प्रान्त भरमें प्रचलित थी। हां, ब्रजभाषाका प्रयोग भी यदा-कदा किया जाता था।

राजस्थानीकी चार मुख्य शाखायें हैं—[1]

(१) पश्चिमी राजस्थानी या मारवाड़ी—इसका क्षेत्र मारवाड़, मेवाड़, जैसलमेर, बीकानेर और शेखावाटीका प्रदेश है। जोधपुरी, मेवाड़ी, थळी और शेखा वाटी बोली—ये इसकी मुख्य प्रशाखायें हैं।

(२) पूर्वी राजस्थानी या ढूंढाड़ी-हाड़ौती— इसका क्षेत्र जयपुर, हाड़ौती आदिका पूर्वी प्रदेश है। जयपुरी (ढूंढाड़ी) और हाड़ौती इसकी मुख्य प्रशाखायें हैं।

(३) उत्तर-पूर्वी राजस्थानी या मेवाती—इसका क्षेत्र अलवर और उसके आस पासका प्रदेश है। इसकी अेक अंतःशाखा अहीरी है।

(४) दक्षिणी राजस्थानी या मालवी—इसका क्षेत्र मालवाका प्रदेश है जिसमें इंदौर भोपाल, धार, रतलाम सीतामऊ आदि राज्य तथा उज्जैन आदि प्रदेश सम्मिलित हैं। इसकी अेक अन्तःशाखा नेमाड़ी है।

इनके अतिरिक्त निम्नलिखित भाषाओं और बोलियोंके साथ भी राजस्थानी का गहरा सम्बन्ध है—

(१) बंजारी—यह राजस्थानसे बाहर रहनेवाले बंजारोंकी भाषा है। स्थानानुसार इसके अनेक भेद हैं। ये बंजारे राजस्थानके मूल निवासी थे और व्यापारके सिलसिलेमें दूर दूर तक पहुंचते थे। पिछली शताब्दियोंमें वे उन उन प्रदेशोंमें बस गये और वहांके स्थायी निवासी हो गये पर अपनी भाषाको अपनाये रहे।

---

[1] तुलनाके लिये चारों बोलियोंकी जनसंख्याके आंकड़े नीचे दिये जाते हैं (ये आंकड़े पुराने हैं परन्तु इनसे बोलियोंकी आपेक्षिक विस्तारशीलताका अनुमान हो सकेगा)—

१	पश्चिमी राजस्थानी या मारवाड़ी	६,८८
२	पूर्वी राजस्थानी	१६,७
३	उत्तरपूर्वी	१५,००
४	मालवी	४१,५ ००
	मेवाड़ी	४७४
५	बंजारी-गूजरी	४,५५
६	अज्ञात	४५१
		११६,१६

(२) गूजरी—यह विशेषत. हिमालयकी तराईमें बसे हुओ गूजरों, अहीरों आदिकी बोलियोंका समूह है।

(३) भीली—यह गुजराती और राजस्थानीके बीचकी मिश्रित भाषा है।

(४) पहाडी वर्गकी भाषाअें—इनका राजस्थानीके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है। इनमें प्रमुख नेपाली, कुमाऊंनी, गढवाली आदि हैं। नेपाली नेपालके गोरखोंकी भाषा है जो राजस्थानसे जाकर वहाँ बसे थे।

(५) भारतीय सांसियों या जिप्सियों Gypsies की बोलियोंका संबंध भी राजस्थानीसे है। इनके पहाडी, भामटी, वेलदारी, ओडकी, लाडी, मछरिया, सांसी, कंजरी, नटी, डोमी आदि अनेक भेद-प्रभेद हैं।

राजस्थानीकी चारों शाखाओंमें विस्तार और साहित्य दोनों ही द [illegible] पश्चिमी राजस्थानी या मारवाडी विशेष महत्त्वपूर्ण है। गुजराती प्राचीन [illegible] राजस्थानीसे ही विकसित हुई है। राजस्थानीका प्रायः समस्त [illegible] पश्चिमी राजस्थानीमें, या यों कहिये उसकी प्रमुख उपशाखा [illegible] गया है[1]। डिंगलका मूलाधार भी यह पश्चिमी राजस्थानी ही है। दूसरी शाखाओंमें लोक-साहित्यके अतिरिक्त अन्य साहित्य नाम [illegible] बराबर, है।

---

१ वर्त्तमान शताब्दीमें पश्चिमी राजस्थानीकी अेक दूसरी [illegible] कुछ साहित्य लिखा गया है।

राव केल्हणका वि० स०, १४७५ का शिलालेख

राव केल्हणका वि० सं० १४७५ का शिलालेख

[दशरथ शर्मा]

श्रीगगासिंह गोल्डन जुबिली म्यूजियम, बीकानेर, में महिषासुर-मर्दिनोकी अेक अत्यन्त सुन्दर प्रस्तर-मूर्ति वर्त्तमान है। भाग्यवशात् इसका मुख भग्न न होता तो यह अपने ढंगकी अेक ही चीज होती। वर्त्तमान अवस्थामें भी यह बीकानेरी शिल्पका उत्कृष्ट नमूना है। कठोर जैसलमेरी पत्थर पर भाव-भंगी और कार्य-शक्तिका इतना सफल चित्रण कोई सरल काम न रहा होगा।

मूर्तिके नीचे यह लेख खुदा है—

पक्ति १—संवत १४७५ वर्षे कार्तिक[1] सुदि षष्टी (ष्ठी) सु (शु) क्रदिने

,, २—देवी श्री घंटालि सह। महाराज श्री केलहण

,, ३—करावितं[2]। कमर[3] श्री चाचा॥ सूत्रधार हापाघटितं॥[4]

लेखको खुदवानेवाला महाराज श्रीकेलहण अपने समयका प्रसिद्ध व्यक्ति था। जैसलमेरके रावल केहरका सबसे बड़ा पुत्र होने पर भी पिताकी इच्छाके बिना अन्यत्र सगाई कर लेनेके कारण, वह जेसलमेरकी गद्दी पर न बैठ सका था। किन्तु वीर पुरुष अैसी असुविधाओंकी परवाह नहीं करते। वह पहले आसनी-कोटमें जाकर रहा, किंतु यहां जैसलमेरसे हर समय झगडा होनेकी शका बनी रहती थी। वीकमपुर उस समय खाली पडा था। चारो तर्फसे जगलको साफ कर केलहणने उसे अच्छी तरह बसाया।[5]

कुछ समय बाद केलहणने पूगल पर भी कब्जा कर लिया। यह पहले रावळ

---

१ 'क' ऊपर से जोड़ा गया है।

२ कारित' के स्थान पर राजस्थानी शिलालेखोंमें बहुधा 'कारावितं' और 'कारापितं' का प्रयोग मिलता है।

३ नैणसीकी ख्यात, भाग २ पृष्ठ ३५४।

४ लेखकी छापके लिअे मैं म्यूजियमके असिस्टेंट क्यूरेटर कंवर सगतसिंहका अनुगृहीत हूं।

५ वही, पृष्ठ ३५८। नैणसीकी अेतद्विषयक कथामें कुछ और बातें भी हैं।

कलमसेनके पुत्र राणगदे भाटीके अधिकारमें था। राणगदे भाटी मंडोरके राव चूंडाके हाथ मारा गया। पूगलकी विधवा रानीको इस वैरका बदला लेनेका वचन देकर केल्हण पूगलके समान समृद्ध स्थानका स्वामी बन गया।

डेरावरका प्रसिद्ध दुर्ग इसने इससे अधिक छल-प्रपंच से हस्तगत किया था। प्रसिद्ध ख्यात-लेखक नैणसीने यह कथा इस प्रकार दी है—

> डेरावरका राव भाटी, जोम डेरावरमें मर गया, तब ४०० मनुष्योंको लेकर राव केल्हण वहां शोक मोचन करानेको गया। जोमके पुत्र तहणमलने उनको गढ़में न घुसने दिया परन्तु वह कई सौगन्ध-शपथ व कौल-वचन करके गढ़ में आया और पांच-सात दिन तक रहा। तहणमलने कहलाया कि अब जाओ परन्तु उसने गढ़ न छोड़ा। तब तहणमल-रूपसी क्रोधित होकर अपना सामान गाड़ोंमें भर, गढ़ छोड़कर, निकल गये और सिंधमें जा रहे। डेरावर केल्हणके हाथ आया।

राव केल्हणने अपने राज्य विस्तारके लिये अनेक युद्ध किये होंगे किन्तु इतिहासमें हमें एक ही ज्ञात है। मंडोवरका राव चूंडा भाटियोंका प्रबल विरोधी था। इसने भाटियोंके अनेक स्थानों पर अधिकार कर लिया था और उन्हें अनेक अन्य बातोंमें भी नीचा दिखाया था। भाटियोंने[1] केल्हणकी अध्यक्षतामें अपने अपमान वैर और भूमिनाशका बदला लेनेकी तैयारी की। किन्तु राव चूंडासे अकेले लोहा लेना सहज न था। अतः मुलतानके सैयदों, सांखलोंके मोयलों और भाटियों आदि अनेक जातियोंसे मिलकर केल्हणने चूंडा पर आक्रमण किया। राव चूंडा युद्धमें काम आया और केल्हण एवं उसके मित्र विजयी हुये।

---

१ वही पृष्ठ १८९।

२ वही पृष्ठ १५९।

३ वही पृष्ठ १५ इसमें अधिक [illegible] प्रमाणित वर्णन [illegible] के [illegible] अनुमोदन में देख।

केल्हणने बहुत वर्ष तक राज्य किया। यह प्रसिद्ध है कि उनके अधीन इतने दुर्ग थे—

पूंगल बीकमपुर पुणह् विम्मणवाह मरोट।
देरावर ने केहरोर केलण इतरा कोट॥[१]

केल्हणके बाद उसका पुत्र चाचा, जिसका इस शिलालेखमें उल्लेख है, गद्दी पर बैठा। इसने बीकमपुर अपने भाई रिणमलको द दिया। राव चाचाके अधिकारमें इतने दुर्ग थे पूगल, केहरोर, मरोठ, मम्मणवाहण और देरावर। बीकानेर राज्य में पूगलका ठिकाना अब भी इनके वंशजों के अधिकारमें है।[२]

शिलालेखमें सूत्रधार हापाका भी उल्लेख है। वह वास्तवमें अच्छा ाक रहा होगा। उसने इस सुन्दर मूर्तिका निर्माण कर अपना नाम चिरस्थायी लिया है।

लेखका समय सम्वत १४७५ है। केल्हण कम-से-कम उस समय त था। प्रस्तर-मूर्ति सम्भवत पूगलसे प्राप्त हुई है। यदि यह अनुमान केल्हणका वहा इस सम्वतसे पूर्व अधिकार हो चुका होगा।

१ वही, पृष्ठ ३५९।

२ वही, पृष्ठ, ३६०।

राजस्थानी साहित्यरा निर्माण और संरक्षणमें जैन विद्वानांरी सेवा

[अगरचन्द नाहटा]

जैन धरमरा तीर्थंकरां और विद्वाना लोक-भाषारो महत्त्व सरूसूं ही भली भांत समझ लियो हो। जनतारै हिवड़ै तांई पूगणरो अेकमात्र साचो साधन लोक-भाषा हीज है इण वातनै वां आछी तरांसूं हृदयंगम कर ली ही। ठेटसूं ही वां आपणा उपदेश लोगांरी बोलचालरी भाषामें दिया। जकी वातनै आपणा विद्वान आज समझण लागा है उण वातनै जैन धरमरा महात्मावां हजारां वरसां पैली समझली ही। भगवान महावीररी इण सूझनै पछै आवणवाळा घणकरा धर्म-प्रचारकां और पंथ-थापकां माथै चढायी और आप-आपणा पथांरो साहित्य लोक-भाषामें — साधारण लोगांरी बोलीमें — वणायो।

प्राकृतरै पछै अपभ्रंशरो घणकरो साहित्य जैन विद्वानांरी रचना है। अपभ्रंश पछै राजस्थानी, गुजराती, हिन्दी, मराठी, तेलगू, कन्नड वगैरा लोक-भाषावांमें भी वै वरावर साहित्यरी रचना करता रया। इण भाषावांरो घणो-सो आरम्भिक साहित्य जैन लेखकांरो वणायोडो है।

लोकभाषामें साहित्य-रचनारो काम जैन विद्वानां वरावर चालू राख्यो जकै कारण इण भाषावांरै क्रमिक विकासरो अध्ययन करणमें जैन-साहित्यरो अध्ययन घणो जरूरी है। जकी शताब्दियांरा लोकभाषारा उदाहरण दूजा साहित्यमें जोया ही को लाधै नी वां शताब्दियांरा उदाहरण जैन-साहित्यमें भरपूर लाधसी।

राजस्थानीमें तो जैन-साहित्यरो घणो मोटो भंडार है। राजस्थानीरै आरम्भसूं लगा'र ठेट आज तांई कोई दशाब्दी इसी कोनी हुसी जिणमें रचियोडी जन विद्वानांरी रचनावां नहीं मिलसी। राजस्थानी भाषारो अखंड इतिहास लिखणो हुवै तौ जैन-साहित्यरी मदतसूं सै'ज ही लिखीज सकसी। और ओ साहित्य कठण डिंगळमें नहीं पण लोगांरी बोलचालरी भाषामें है जकैनै जनता आज भी विना टीका-टिप्पणीरी सायतारै समझ सकै है।

नैतिक दृष्टिसूं भी जैन-साहित्यरो घणो महत्त्व है। रोचक हुवां थकां भी जैन साहित्य पवित्र भावनानै जनम देवै जिसो है। जैन विद्वानां आपरै धरम धरमरी कहाण्यां लिख्या हुवै इसी बात भी कोनी। लोगोंमें चालती लौकिक कथा-कहाण्यां मायै भी जैनांरो घणो मोटो साहित्य है। जेक विक्रमादीत राजारी कथावांसूं सम्बन्ध राखती पचाससूं ऊपर जैन विद्वानांरी बणायोड़ी पोथियांरो पतो लाग्यो है।

जैन विद्वानांरा लिखियोड़ो राजस्थानी साहित्य गद्य और पद्य दोनूं रूपमें है। पद्यरा सबसूं मोटो ग्रंथ तेरापंथी आचार्य श्रीजीतमलजीरी भगवती-सूत्ररी ढाळां है जकांरो विस्तार ६० हजार श्लोक प्रमाण है। गद्य-ग्रंथामें विस्ताररी दृष्टिसूं महत्त्वपूर्ण भगवती सूत्ररी गद्य भाषा टीका है जकैरो विस्तार कोई ८२ हजार श्लोक प्रमाण है। राजस्थानीरो घणो महत्त्वपूर्ण इतिहास-ग्रंथ मुहणोत नेणसीरी ख्यात है। इण ग्रंथरी प्रौढ भाषाशैलीरी प्रशंसा राजस्थानीरा जाणीता विद्वाना करी है। राजस्थानीरा प्राचीन गद्य लगभग सगळो-र-सगळो जैन लेखकांरी रचना है।

कोई सोळ हजार बरसांसूं राजस्थान और गुजरातमें जैन-परम्परा प्रचार जोर सोरसूं रयो है। गांव-गांवमें ओसवाळ वगैरा जैन श्रावकांरो प्रादुर्भाव हुयो और यांरा गुरु जैन-मुनि बराबर आवण-जावण लाग्या। धीरे धीरे कईक जैन यति गांवांमें स्थायी रूपसूं बस भी गया। आं लोगांरै उपदेशसूं सैंकड़ां ही लोग जैन-धरममें दीक्षित हुया, विद्वान बण्या और मातृभाषारा भंडार भरणमें तत्पर हुया। साथ ही वे लोग जका जका भाषा-भाखा ग्रंथ देखता वांरी नकलां भी करता रया इणांरी रास चौपाई भास धवळ संबंध, प्रबन्ध ढाळ वगैरारी रचना करी जकांरो प्रमाण आठ-नव लाख श्लोकांसूं कम कोनी। गद्यमें भी इण तरां बाळावबोध टब्बा वगैरा टीकावां लिखी जकांरो प्रमाण भी ८ लाख श्लोक जरूर हुसी। कई का विद्वान तो इसा हुया जका अकेलांरो लाख-लाख श्लोक प्रमाण रचना करी जिणांमें तेरापंथी आचार्य श्रीजीतमलजी तथा कविवर जिनहर्षजी विशेष कर उल्लेखनीय है जैन सिवाय दूजा विद्वानांमें शायद ही कोई इत्तै परिमाणमें राजस्थानी भाषामें रचना करी हुवै। जैनांरै वास्तै आ घणै गौरव री बात है।

रास चौपाई वगैरा बड़ा ग्रंथांरै सिवाय राजस्थानीमें लिखियोड़ो जैन

विद्वानांरो फुटकर साहित्य भी लाखां श्लोकां प्रमाणरो है। स्तवन, सज्झाय, पद, गीत, छंद, हियाळी, सिलोका, पूजा, संवाद, दूहा वगैरा फुटकर साहित्यरो तो कोई पार ही कोनी। समयसुंदरजी जिसा कविया ५००-५०० पद वणाया है। ओ साहित्य सब भांतरो है--नीतिरो, विनोदरो, उपदेसरो, भक्तिरो। जैन विद्वानांरी राजस्थानी साहित्यरी सेवा सर्वांगीण है। कोई इसो विषय कोनी जिण पर जैन लेखकां कोई रचना नहीं लिखी हुवै।

जैन विद्वानां राजस्थानी साहित्यरी कोरी रचना ही को करी नी पण राजस्थानी साहित्यरी रक्षामें भी घणो भाग लियो। जैन और जैनेतर दोनूं विद्वानांरा लिखियोड़ा ग्रंथांनै घण जतन और घणी सम्हाळसूं आपरा भंडारांमें राख्या। जैनेतर विद्वानांरा घणा ग्रंथांरी पड़तां आज जैन-भंडारांरै सिवाय दूसरी जाग्यांमें अलभ्य है। नरपति नाल्हरै वीसळदे-रासो ग्रन्थनै जैन विद्वानां ही ज नष्ट हुवण-सूं बचायो। इसा-इसा हजारां ग्रन्थ है जकांनै आज तांई कायम राखणरो जस अेकमात्र जैन विद्वानांनै है।

जैन विद्वानां अेक और मोटो काम करियो। वां आपरी रचनावां बोल-चालरी भाषामें लिखी जियांन छन्द भी घणा-सा लोक-साहित्यसूं लिया। जनतामें चालू गीतांरी ढाळां लेयनै वां आपणी कविता लिखी। आ ढाळांरा नाम और पैलड़ी पंक्तियां भी वां सु-रक्षित राखी। इसी ढाळां अथवा देशियांरी अेक सूची मंबाईरा जैन विद्वान मोहनलाल दलीचन्द देसाईजी वणायी है। लोक-प्रचलित गीतांनै लिपि-बद्ध करनै सुरक्षित राखणरो काम भी अनेक जैन विद्वानां कियो है। लोक-साहित्यनै इण तरां अमर करणरी जैन विद्वानांरी सूझरै सामै माथो आपेई आदरसूं झुक जावै है।

घणा साहित्यिक विद्वानां जैन साहित्यनै अेक संप्रदायरो साहित्य बतायनै उणनै उपेक्षारी दृष्टिसूं देख्यो है पण वांरो ओ विचार भ्रांति-पूर्ण है। जैन साहित्य-रो अ-परिचय ही वांरै इण विचाररो कारण है। वास्तवमें जैन साहित्यरो घणो भाग इसो है जको सार्वजनिक साहित्य कहीज सकै है। हजारूं राजस्थानी जैन कवि और लेखक आज अंधकारमें पड़्या है। जैन साहित्यरै प्रकाशमें आणैसूं इण कथनरी सत्यता आप ही सिद्ध हु ज्यासी। इण वास्तै सबसूं जरूरी बात जैन साहित्यनै प्रकाशमें लावणरी है। आशा है राजस्थानरा विद्वान तथा जैन धनी-मानी अठीनै ध्यान देसी।

डूंगजी-जवारजीरो गीत

[राजस्थानमें डूगजी-जवारजीका गीत बहुत प्रसिद्ध और लोक-प्रिय है। अबतक यह लिखित रूपमें प्राप्य नहीं था। राजस्थानी लोकगीतोंके परिश्रमी अन्वेषक और सग्रहकर्त्ता श्रीयुत गणपति स्वामीने इसे लिपिबद्ध करके साहित्य-ससारका महान उपकार किया है। गीतकी प्रतिलिपि हमें पिलाणीके बिड़ला कालेजके अधिकारियोंकी कृपासे प्राप्त हुई है जिसके लिअे हम उनके अत्यन्त आभारी हैं।]

(१)

सिवरूं देवी सारदा कोइ तनै भवानी। ध्याऊं
जां मरदांरी छांवळी ' मैं च्यार कूटमें गाऊं

(२)

डूग न्हाररी कोटड्यां जुडी कचेडी आय
जाजम ऊपर जाजम बिछ रही, खूब पडै रजवाड
लोट्यो जाट, करणियो मीणो, डूगसिंघ सरदार
तीनू मिळ भेळा हुवै तो करै तीसरी बात

---

(१)

देवी सरस्वतीको स्मरण करता हू। हे भवानी ! तुम्हारा ध्यान करता हूँ। जिससे बीरोंकी कीर्त्तिको मैं चारों दिशाओंमें गा सकू।

(२)

सिंघके समान डूगसिंघकी कोटड़ीमें कचहरी आकर जुड़ी। जाजिम पर जाजिम बिछ रही थी। खूब .. .पड़ रहा था। जाट लोटिया, मीणा करणिया और सरदार डूंगसिंघ—ये तीनों जब मिलकर इकट्ठे होते हैं तो तीसरी (नयी) बात करते हैं। डाकू डूगसिंघ बोला—अरे लोटिया जाट ! तू सुन, आदमिओंके लिअे मोठ-बाजरी बाकी

लख्यै जाट करणियै मीणै डेरो दियो लगाय
लूंट छै तो लूंट, डूंगजी। धड़ै-धर्ळंर माय
आडो-वळो डाकिया पाछै वसका रैसी नांय

सात सवारां नीसर्‌या, वै हुया कतारां लार
चलती बोरी काट दी, वा मूंग्या दिया खिंडाय
चुग-चुग छास्या वाळदी, चुग-चुग छक्या गवाळ
चुग-चुग दुनिया धापगी वा जै बोलती जाय
सात ऊंट दरबाका भरिया, पोकरजीनै जाय
पोकरजीकै घाट पर वां जाजम दिवी विछाय
गरीव-गुरवां बामणानै हेलो दियो मराय
रुपियो रुपियो दियो बामणा, मो'रा चारण-भाट
असी मो'र दी नानगसाही, साखो दियो जुडाय

धरम-पुन्न यों बांट डूंगजी भड़वासेनै जाय
भड़वासै मैं सासरो साळां सू मिळवा जाय

वे सात सवारोंको लेकर निकले और कतारोंके पीछे हो गये। उनने चलती हुई बोरियोंको काट डाला, मूंगोंको विखरा दिया, जिनको चुन-चुन कर वैलोंवाले थक गये, ग्वाले थक गये। दुनिया चुन-चुन कर अघा गयी। वह जय बोलती हुई चली। डूंगजी और उसके साथियोंने सात ऊँट उस धनके भरे और पुष्कर तीर्थको गये। वहां गरीबों और ब्राह्मणोंको वापणा करवा दी। रुपया-रुपया ब्राह्मणों को दिया और चारण-भाटोंको मोहरे दी। नानकशाही अस्सी मुहरे देकर प्रशसा के गीत गवाये।

इस प्रकार धर्म और पुण्यमे धनको बाटकर डूंगजी भड़वासे गावको गया। भड़वासेमें ससुराल थी। सालोंसे मिलने गया। भड़वासेके नवलसिंघ और भैरोंसिंघ ने खूब अतिथि-सत्कार किया। कहा—पाहुने! बहुत दिनोंसे आये हो, गोठ जीमते जाओ। दूधसे धोकर चावल राधे, घीसे धोकर दाल राधी, बोरिया भर-भर शक्कर मगायी और घीके नाले बहा दिये।

मझदासैका   मौजसिंघजी
मैरू सिंघजी   घणी करी मनवार
घणा दिनासूं आया पावणा,   गोठ जीमता जाय
दूधां धोय'र चावळ रांध्या   घिरतां बाय'र दाळ
बोरी भर-भर खांड मंगाची   घिरत चळाया खाळ

२)

रामगढ़का सेठांने जद   खबर पड़ी है आय
सेठां लिख परवानो मेल्यो   दिल्लीरै दरबार
लूटी म्हारी लदी कतारां   लूट्यो मो लख माल
म्हारी धरामें छिप्यो डूंगजी   छैल-छुटकै साथ
अबकै तो बै लूटी कतारां,   अब लूटैगो हेली
आसामी ठग पड़गी, होगी   रुपियाकी थेली
सेठां लिख परवानो मेल्यो,   बडै सा'बनै देणा
डूंगसिंघ म्हारै लारै पड़ग्यो   पकड़ कैद कर लेणा

---

(१)

रामगढ़के सेठोंको जब आकर खबर पड़ी तो सेठोंने यह पत्र लिखकर दिल्लीके दरबार में (अंग्रेजोंके पास) भेजा—हमारी लदी हुई कतारोंको लूट लिया और लाखों माल लूट लिया यह डूंगजी हमारी धरतीसे परच गया है इसे छूट-छटकर साथ है इस बार तो उसने कतारें लदी हैं अबकी बार हवेलीको भी लूट लेगा, आसामियां सब ठग पड़ गयी हैं रुपयेकी थेली रह गयी है। इस प्रकार पत्र लिखकर सेठोंने भेजा और कहा—ले जाकर बड़े साहबको देना और कहना कि डूंगसिंह हमारे पीछे पड़ गया है, इसे पकड़कर कैद कर लेना।

अंग्रेजोंको खबर पड़ी तब चार फौजें चढ़कर चलीं। रात-रात चलकर वे सीकरमें पहुँची और सीकरके ठाकुरने कहा—हे सीकरके प्रतापसिंह! डूंगसिंहको हमें पकड़वा दे। ठाकुरने कहा—वह हमारा भाई-भतीजा (कुटुंबी) लगता है पकड़वाया नहीं जा सकता वह मळसीसरमें बैठा गोठका माल खा रहा है।

अंगरेजांनै खबर पडी जद चढगी फौजां च्यार
रात-रातकी करी मजल, बै पूंची सीकर मांय
सीकररा परतापसिंघ। म्हांनै डूंग न्हार पकडाय
म्हांरो लागै भाई-भतीजो, पकडायो ना जाय
झडवासैमैं बैठो डूंगजी माल गोठको खाय

सीकरहू वै चाली फौजा, झडवासैमैं आयी
आसै-पासै खड्या सिपाही, घेरो दियो लगायी
झडवासैका भैंरूसिंघ। तूं झट दे बायर आव
कै पकडा दै डूंग न्हार, नहिं धरा कैदकै मांय
रोळो-बैधो मत करो, कोइ, ना गळवैका काम
जीजो लागै डूंगजी स मैं हाथां दूं पकडाय

मोरझडीकी दारू कढावै, आंगण भटी तुडावै
दारू पाय'र करै बावळो, मेडी मांय चढावै
च्यार फिरंगी ओटै बैठ्या, च्यार चढ गया मेडी
डूंगसिंघनै सूतो पकड्यो पगां ठोक दी बेडी
हाथां घाली हथकडी, रे। गळमैं तोख जंजीर
आख खुली जद डूंग न्हार बो हुयो घणो दिलगीर

तब वे फौजें सीकरसे चलीं और झड़वासेमें आयी। आस-पास सिपाही खड़े हो गये, चारों ओर घेरा लगा दिया और कहा—हे झड़वासेके भैरोसिंघ! झटपट बाहर आ, या तो डूगसिंघको हमे पकड़वा दे नहीं तो तुझे कैदमें डालते हैं।

भैरोसिंघ बोला—हल्ला-दगा मत करो, झगड़े-झंझटका कोई काम नहीं, डूगजी मेरा जीजा लगता है, अपने हाथोंसे उसे पकड़वा दूंगा। आगनमें भट्टी लगवाकर मोरझड़ीकी शराब निकलवायी। शराब पिलाकर बावला कर दिया और महलमें चढ़ा दिया। चार अंग्रेज छिपकर बैठ गये, चार महल पर चढ गये। इस प्रकार पकड़कर पैरोंमें बेड़ी ठोंक दी और हाथोंमें हथकड़ी डाल दी, गलेमें तौक और जंजीर डाल दिये। जब आख खुली तो वह डूगसिंघ बड़ा बेचैन हुआ। वह बड़बड़ करता अंगुलियां चबाने

घोड्यो [डाकू डूँगरसिंघ तू सुण रे जोट्या जाट।
मिनखां मिठगी मोठ-बाजरी, घोड़ां [!] निठग्या घास
मरदांमें तू मरद आगळो हजारां हूं जाट
रामगढ़की हेर ल्या दे, जद जाणूं ताण जाट

लोट्या जाट करणिया मीणा प्यारा जाणा मेळ
डूँग ज्हार री भरी कचेड्यां कीनी बात सकळ
लोट्या जाट करणिया मीणा अकलां मांय गंभीर
भेस पलट ध चल्या रामगढ़, जाणूं छूट्या तीर
लोट्यो कीनी लोभकी काढ़, करण्ये कीनू वास
घर-घर भाळे ख्याल-तमाशा, घर-घर भाळै माल
रामगढ़रे सेठांरी थे मढ़ी कतारां जाण
सोनारी पूतळियां, भरदी। मांय मूंगिया भार
पुरसामलजी, अनंतमलजी, जां सेठां रो माल
रामगढ़ सूं चली कतारां अजमेरां नै आज

नहीं रही । घोड़ोंके लिये घास बाकी नहीं रहा । तू मर्दोंमें श्रेष्ठ मर्द है । हजारोंमें तू जाट (राजा) है । तू रामगढ़की जासूसी कर ले दे जाट । तब मैं तुझे समझूंगा ।

जाट लोटिये और मीणे करणियेने जिनका प्यारा मेल था डूंगरसिंहकी भरी कचहरीमें इस बातको सम्पन्न किया । जाट लोटिया और मीणा करणिया बुद्धिमें गंभीर थे । वे वेश बदलकर रामगढ़को चले मानो तीर छूटे हों । लोटियेने लोभका भी और करणियेने वास किया । घर-घरमें खेल-तमाशा करने लगे और घर-घरमें माल देखने लगे (धन का सुराग लेने लगे) ।

रामगढ़के सेठोंकी लदी हुई कतारें जा रही थीं जिनके भीतर सोनेकी पुतलियां और मूंगोंके ढेर थे । पुरसामलजी और अनंतमलजी ये उन सेठोंके नाम थे । रामगढ़से चली हुई कतारें अजमेरको जा रही थीं । जाट लोटिये और मीणे करणियेने खबर दी कि हे ठाकुर ! अवसर है तो मालखानके पहाड़ोंमें कूद के आडावळा पार करने पर फिर हाथ (बापके) नहीं रहेंगे ।

लख्यै जाट करणिये मीणै ढेरो दियो लगाय
लूटै छै तो लूंट, डूंगजी। अडै-धडैरै माय
आडो-वळो डाकिया पाछे धसका रैसी नांय

सात सवारां नीसर्या, वै हुया कतारां लार
चलती बोरी काट दी, वा मूंग्या दिया खिडाय
चुग-चुग हार्‌या बाळदी, चुग-चुग छक्या गवाळ
चुग-चुग दुनिया धापगी वा जै बोलती जाय
सात ऊंट दरवाका भरिया, पोकरजीनै जाय
पोकरजीकै घाट पर वां जाजम दिवी बिछाय
गरीब-गुरबां बामणानै हेलो दियो मराय
रुपियो-रुपियो दियो बामणा, मो'रां चारण-भाट
असी मो'र दी नानगसाही, साखो दियो जुडाय

धरम-पुन्न यों बाट डूंगजी झडवासैनै जाय
झडवासै मैं सासरो साळा सू मिळवा जाय

वे सात सवारोंको लेकर निकले और कतारोंके पीछे हो गये। उनने चलती हुई बोरियोंको काट डाला, मूंगोंको बिखरा दिया, जिनको चुन-चुन कर बैलोंवाले थक गये, ग्वाले थक गये। दुनिया चुन-चुन कर अघा गयी। वह जय बोलती हुई चली। डूगजी और उसके साथियोंने सात ऊँट उस धनके भरे और पुष्कर तीर्थको गये। वहा गरीबों और ब्राह्मणोंको घोषणा करवा दी। रुपया-रुपया ब्राह्मणों को दिया और चारण-भाटोंको मोहरे दी। नानकशाही अस्सी मुहरे देकर प्रशसा के गीत गवाये।

इस प्रकार धर्म और पुण्यमें धनको बाटकर डूगजी झड़वासे गावको गया। झड़वासेमें ससुराल थी। सालोंसे मिलने गया। झड़वासेके नवलसिंघ और भैरोंसिंघ ने खूब अतिथि-सत्कार किया। कहा—पाहुने! बहुत दिनोंसे आये हो, गोठ जीमते जाओ। दूधसे धोकर चावल राधे, घीसे धोकर दाल राधी, बोरिया भर-भर शक्कर मगायी और घीके नाले बहा दिये।

महराजेका नौलसिंघजी
भैरूसिंघजी फगी करी मनवार
घणा दिनांसूं आया पावणा, गोठ जीमता जाय
दूधां धोय'र चावळ रांध्या पिरसा घाय'र थाळ
बोरी भर-भर खांड मंगायी पिरस पकाया थाळ

१)

रामगढ़का सेठांने जद खबर पड़ी है आय
सेठां लिख परवानो भेज्यो दिल्लीरे दरबार
लूटी म्हारी सबी कतारां लूट्यो मो सब माल
म्हारी धरामें ठिक्यो डूंगजी छैव-छु टके लाय
अबके तो वे लूटी कतारां, अब लूटेगो हेली
आसामी ठस पड़गी होगी रुपियाकी थेली
सेठां लिख परवानो भेज्यो, कहे साथने देणा
डूंगसिंघ म्हारे लारे पड़ग्यो पकड़ कैद कर देणा

---

(१)

रामगढ़के सेठोंको जब आकर खबर पड़ी तो सेठोंने यह पत्र लिखकर दिल्लीके दरबार में (अंग्रेजोंके पास) भेजा—हमारी भरी हुई कतारोंको लूट लिया और तमाम माल हर लिया। यह डूंगजी हमारी धरतीसे परच गया है इसे ढूंढ-ढूंढकर लाना है। इस बार तो उसने कतारें लूटी हैं अबकी बार हवेलीको भी लूट लेगा। आसामियाँ तब ठस पड़ गयी हैं रुपयेकी थैली रह गयी है। इस प्रकार पत्र लिखकर सेठोंने भेजा और कहा—ले जाकर बड़े साहबको देना और कहना कि डूंगसिंघ हमारे पीछे पड़ गया है इसे पकड़कर कैद कर लेना।

अंग्रेजोंको खबर पड़ी तब चार फौजें चढ़कर चलीं। रात-रात चलकर वे सीकरमें पहुँची और सीकरके ठाकुरने कहा—हे सीकरके भैरूसिंघ! डूंगसिंघको हमें पकड़ना है। ठाकुरने कहा—वह हमारा भाई भतीजा (कुटुंबी) लगता है पकड़ाया नहीं जा सकता वह भाखरामें बैठा गोठका माल खा रहा है।

अंगरेजांनै खबर पडी जद चढगी फौजां च्यार
रात-रातकी करी मजल, वै पूंची सीकर मांय
सीकररा परतापसिंघ। म्हानै डूंग न्हार पकडाय
म्हांरो लागै भाई-भतीजो, पकडायो ना जाय
झडव्रासैमें बैठो डूंगजी माल गोठको खाय

सीकरहू वे चाली फौजा, झडव्रासैमें आयी
आसै-पासै खड्या सिपाही, घेरो दियो लगायी
झडव्रासैका भैंरूसिंघ। तूं झट दे बायर आव्र
कै पकडा दै डूंग न्हार, नहिं धरां कैदकें मांय
रोळो-वैधो मत करो, कोइ, ना गळवैका काम
जीजो लागै डूंगजी स मैं हाथां दूं पकडाय

मोरझडीकी दारू कढाव्रै, आंगण भटी तुडाव्रै
दारू पाय'र करै बाव्रळो, मेडी मांय चढाव्रै
च्यार फिरंगी ओटे वैठ्या, च्यार चढ गया मेडी
डूंगसिंघनै सूतो पकड्यो पगा ठोक दी वेडी
हाथां घाली हथक्डी, रे। गळमें तोख जंजीर
आख खुली जद डूंग न्हार बो हुयो घणो दिलगीर

तब वे फौजें सीकरसे चलीं और झड़वासेमें आयी। आस-पास सिपाही खड़े हो गये, चारों ओर घेरा लगा दिया और कहा—हे झड़वासेके भैरोसिंघ! झटपट बाहर आ, या तो डूगसिंघको हमें पकड़वा दे नहीं तो तुझे कैदमें डालते हैं।

भैरोसिंघ बोला—हल्ला-दगा मत करो, झगड़े-झझटका कोई काम नहीं, डूंगजी मेरा जीजा लगता है, अपने हाथोंसे उसे पकड़वा दूगा। आगनमें भट्टी लगवाकर मोर-झड़ीकी शराब निकलवायी। शराब पिलाकर बावला कर दिया और महलमें चढ़ा दिया। चार अग्रेज छिपकर बैठ गये, चार महल पर चढ गये। इस प्रकार पकड़कर पैरोंमें बेड़ी ठोंक दी और हाथोंमें हथकड़ी डाल दी, गलेमें तौक और जजीर डाल दिये। जब आख खुली तो वह डूगसिंघ बड़ा बेचैन हुआ। वह बड़बड़ करता अंगुलिया चबाने

कड़कड़ बाजै आंगळी, जो — कड़कड़ बाजै नाड़
नैण लगै ज्यूं दीवला ज्यांरी — सवा हाथरी नाड़

जद यूं बोल्यो डूंगरसिंघ वे — सुणल्यो फिरंग्यां ! बात
फिटफिट थांरी जामणवाळी, — फिटफिट थांरो बाप
आठ गादड़ा मिळ वे आया — कर्‍यो सिंघसूं घात
सूतै सिंघने धोखै पकड़्यो — फिटफिट थांरी जात
मेरी अकेली जान है, रे। — थांरै पलटण साथ
जेकर ढीलो छोड दो थानै — फेर दिखाऊं हाथ
मेरू सिंघने भली विचारी, — भली निभायी मेळ
आछी करी जुंहारी मेरी, — भलो दियो नारेळ
दुनियामें तूं नांव कढायो — मूंडो हुवग्यो काळो
आप मनेई के कारै तू — दगाबाजको साळो

डूंग न्हारने पकड़कर बां — पींजस दियो बिठाय
आगरैके जाय किलैमें — दीनू छै पुगाय

लगा कड़कड़ करता हाथोंको बजाने लगा। उसके नेत्र ऐसे लाल उठे जैसे दीपक जलते हों। उसकी गर्दन सवा हाथ लम्बी थी।

तब डूंगसिंघ यों कहने लगा—हे फिरंगियो ! तुम मेरी बात सुनो। तुम्हारी जन्म देनेवाली माताको धिक्कार ! तुम्हारे पिताको धिक्कार ! तुम आठ गीदड़ इकट्ठे होकर आये और सिंहसे विश्वासघात किया तुमने सोये हुये सिंहको धोखेसे पकड़ा तुम्हारी जातिको धिक्कार है। मेरा अकेला जीव है और तुम्हारे साथ फौज है पर एक बार ढीला छोड़ दो (बंधन खोल दो) तो फिर तुम्हें हाथ दिखाऊं मेरोसिंघने खूब सोचा ! मित्रता खूब निभायी। मेरा अच्छा सत्कार किया ! खूब नारियल दिया। (जंवाईको जुहारके समय छातीमें नारियल दिये जाते हैं) ! संसार भरमें नाम निकाल लिया ! खूब मुंह काला किया ! बहन-बहनोई तेरे क्या लगते ? तू दगाबाजोंका साला है।

डूंगसिंघको पकड़कर उसने रथमें बैठा लिया और आगरेके लाल किलेमें पहुँचा दिया ५१ मील का साहब देखने आया। बोला—उपप बड़ा होशियार है स्याह

कंपनी सा' निरखणनै आयो, रांघड वडो हुंस्यार
भळभळ तो माथो करै, नैणा जळै मुसाळ
इसडो रांघड अेक है, रे ! जे होवै दो-च्यार
मार-मार फिरग्यांनै कर दै कळकत्तैकै पार
दो बोतल दारूकी पीवै, पका पेटिया च्यार
भल-भल यो जायो ठकराणी न्हारां हंदो न्हार
लाल किलैकै मायनै डूंग न्हार रख लेणा
हुकम नहीं छै काळै पाणी, नजर-कैद कर देणा

(४)

सीकर हूतो चढ्यो ज्वारसिंघ, गढ वठोठमैं आयो
लोट्यो जाट, करणियो मीणो, दोनू सागै लायो
सैं होळीनैं ढळी जाजमा, होय रही मतवाळ
बोतल तो जगजग करै, कोइ, प्याला करै पुकार
'तू पी तूं पी' हो रही, कोइ, करै घणी मनवार

जगामग कर रहा है, नेत्रोंमे मशालें जल रही हैं, अैसा राजपूत यह अेक ही है, जो दो-चार हों तो अंग्रेजोंको मार-मारकर कलकत्तेके पार कर दे, यह शराबकी दो बोतलें पीता है, पक्के चार पेटिये (चार आदमियोंका भोजन) खाता हैं, ठकुरानीने इसे खूब जनम दिया ! यह सिहोंका सिंह है, इस डूंगसिंघको लाल किलेमें रख लेना, कालेपानीका हुक्म नहीं है, नजरकेद कर देना।

(४)

जुहारसिंघ सीकरसे चढ़ा और वठोठके किलेमें आया। जाट लोटिया और मीणा करणिया दोनोंको अपने साथ लाया। ठीक होलीके दिन जाजिमें बिछीं और मदिरापान होने लगा। बोतलें जगाजग कर रही थीं, प्याले सजीव होकर पुकारते थे। 'तू पी, तू पी' इस प्रकार कहकर खूब मनुहारें कर रहे थे।

जब इसकी भनकार कानम पड़ी तो रानी (डूंगजीकी पत्नी) महलसे बाहर निकली। उसने खड़े-ही-खड़े ताना दिया—तुम्हारे शराब पीनेको धिक्कार है ! किसलिअे

राणी कायर भीसरी जद — कान पड़ी भणकार
छमो मसको मारियो, थोरी — वाह्मैं धिरकार
क्यानै बांधो सीस पागड़ी, — क्यानै बांधो सूत ?
लागी काको पड्यो कैदमैं — क्यों बाजो रजपूत ?

मत मा रो राणी ! मसको मारो, — मत मा काढो सेल
जैपर मिली जोधपर मिलगी — मिलगी बीकानेर
ठोम पगानै जागां कोनी, — मांई ठोग्या ठेर

हाथांका हथियार सूंप दो, — चूड़ी आवकी पैरो
धोती ओढ़ा दरा सूंप दो, — पगां पायरी पैरो
पड़दे भीतर लुककर बैठा, — नैणां कजळो माल
मेरे कंधकी बड़ी कादू — मैं तिरियाकी खाल

सांभण लागा बोलणा स — मरदांके खटक्या काळ
रजपूतांके रंग चढ्या स दे — दुळक्या कायर लोग
पांच पानको बीड़ो फेरो — जुझारसिंघ सरदार
कयां चढायो सेबरो — कह्यां रे चढगी ताप

सिर पर पगड़ी बांधते हो ! किसलिये सूत बांधते हो ! सगा काका कैदमें पड़ा है राजपूत क्यों कहलाते हो !

जुझारसिंहने कहा—रानी ! ताना मत मारो भाले जैसे चुभते बोल मत निकालो हमारे विरुद्ध जयपुर मिल गया जोधपुर मिल गया और मिल गया बीकानेर ! आज तो पैर रखनेको हमें स्थान नहीं मिलता । माई ही पीछे पड़े हैं ।

रानीने कहा—हाथोंके हथियार मुझे सौंप दो तुम चूड़ियां पहन लो यह धोती घोड़े इधर दे दो पैरोंमें लहंगा डाल लो पर्देमें छिपकर बैठ जाओ आंखोंमें काजल डाल लो ओढ़नी ओढ़कर भी मैं अपने पतिकी बेटी कहूंगी ।

ये करारे वचन वीरोंको भरदक मानो कोई लगे हों । वे क्रोधमें भर गये । राजपूतोंके रंग चढ़ा । कायर लोग खिसक गये । सरदार जुझारसिंहने पांच पानोंका बीड़ा फिराया ।

सारा नटग्या भाई-भतीजा, सब नटग्या उमराव
बावड़ता बीड़ानें झेल्यो अेक लोटियें जाट

पकी सेर दें गेरू गाळी, करियो भगवों भेस
कर मुजरो वो चल्यो आगरै, राम राखसी टेक
आगरें-नैं चल्यो लोटियो, ज्यूं लंका हड़मान
कै ल्यावैलो खबर डूंगकी, के त्यागैलो प्राण

(५)

आगरें-के बधवा आगैं घूणी घाली सात
अेन्धड-छवड बळै बळीतो, बीच लोटियो जाट
मार पलाखी मींट लगावै, करै गजबका फैल
लोग दिखाऊ अन-जळ ताग्यो, अेक भखै बस पून
आये-गयैसू मुख ना बोलै, अैसी धारी मून
छव महिनाकी लायी समाधी, खूब तप्यो दिन-रात
छठ महीनें लागतां अंग- रेजा बूझी बात

देखकर कई लोगोंने तिजारा चढ़ा लिया। कई लोगोंके बुखार चढ़ गया। सारे भाई-भतीजे मुकर गये, सब सरदार इनकार कर गये। किसीके न लेने पर बीड़ा लौट कर जाने लगा। उस लौटते हुअे बीड़ेको अकेले लोटिये जाटने उठा लिया।

(५)

उसने पक्का सेर भर गेरू गलाया और उससे वस्त्र रंगकर भगवाँ वेश बनाया। फिर जुहारसिंघको मुजरा करके वह आगरेकी ओर चल दिया। बोला—राम मेरी टेक रखेंगे। आगरेके कैदियोंके सामने उसने सात धूनिया जलायीं। इधर-उधर इन्धन जलने लगा। उनके बीचमें लोटिया जाट बैठ गया। पालथी मारकर आँखें बन्द कर लीं। गजबके फैल (आडम्बर) करने लगा। लोगोंको दिखानेके लिअे अन्न-जल भी छोड़ दिया, बस अेक पवनका भक्षण करता। अैसा मौन धारण किया कि किसी आने जानेवालेसे मुँहसे नहीं बोलता। छै महीनोंकी समाधि लगायी। दिन-रात खूब ही तपा। छठे महीने के लगने पर अंग्रेजोंने बात पूछी—हे बाबाजी! किस देशसे आये हो? किस देशको

कुण देसां-सूं आया, बाबाओ ! कुण देसांने जाय ?
पांच पचीस थे लेल्यो बाबा ! धूणी परे हटाय
हुकम नहीं छै बठें सा'बका झपट छूण कर जाय

पांच-पचीस में लेस्यो बच्चा ! ज्यांरे है घर-बार
साधू भूखा भावका, म्हांरे ना मायासूं काम
मांग्या खावां टुकड़ा म्हे रटां रामको नाम
आबूजी-सूं आया उतर म्हे, गंगा न्हावण जावां
थारे किलेमें म्हार दूगजी, वेंरा दरसण पावां
आज कायरी फिरंगी बोल्या, सुणो संतर्‌यां ! बात
ऐ मोडा तो कपटी कोनी नांय कपटकी घात
आं साधांको जिवड़ो भटके, मेळा यो करवाय
दूगसिंघ कठीनंग बेठो जाने देखा दिखाय
च्यार सिपाही आगे होज्यो च्यार सिपाही लार
जोरी-जपटी करै मोड तो धरो फेंकके भौंय

जा रहे हो ! हे बाबा ! पांच-पचीस रुपये ले लो और इस धूनीको परे हटाओ यहां साहबका हुक्म नहीं है बस झपट भाग कर जाओ (जल्दीसे भाग जाओ)।

हे बच्चे ! पांच-पचीस रुपये वह लेगा जिसके घर-द्वार हो साधू भावके भूखे होते हैं हमारे माया (धन) से कोई काम नहीं, हम मांगे हुये टुकड़े खाते हैं और राम का नाम रटते हैं, हम आबू तीर्थसे उतरकर आये हैं गंगा नहाने जाते हैं, तुम्हारे किलेमें दुर्गसिंह हैं उनके दर्शन पावें यही हमारी इच्छा है ।

तब वहां आकर फिरंगी बोला—हे संतरियो ! बात सुनो ये साधू कपटी नहीं (जान पड़ते) हैं कोई कपटकी बात नहीं है इन साधुओंका जी दुर्गसिंहको देखनेके लिए तरस रहा है (व्याकुल है) इनका मिलन करवा दो; चार सिपाही आगे हो जाओ और चार सिपाही पीछे यदि मोडे (साधु) जोर-जबरदस्ती करें तो उठाकर फेंक दो ।

च्यार सिपाही आगै होग्या, च्यार सिपाही लार
लोट्यो जाट, करणियो मीणो, करै किलैकी सैल
फिर-घिर देखी चारदिवारी, नांय लगायी देर
फाटक-मोरी निजरा काढ्या, लियो किलैको भेद
जद बंदवां-की गयो बुरजमैं, मनमैं भयो खुस्याल
अेवड़-छेवड़ सित्तर बधवा, बीच डूंग सिरदार
सुरत पिछाणी जाटकी जद नैणा खळक्यो नीर
छाती भरी, हीवड़ो उभळ्यो, छुट्यो डूंगको धीर

रग रे थारी जात, लोटिया। भलो जाटणी जायो।
आ मरवाकी घडी वाजगी, भलो भेखसूं आयो
कंवरां माथै हाथ फेरज्यो, राणीनै हिंवळास
भाई-भतीजांनै मुजरा कहज्यो, माजीनै घणा सिलाम
जुवारसिंघनै यूं समझायो, घरकी करै संभाळ
जीवांगा तो फेर मिलांगा, ना दरगाकै मांय

फिर चार सिपाही आगे हो गये और चार सिपाही पीछे। इस प्रकार लोटिया जाट और करणिया मीणा किलेकी सैर करने लगे। चहारदिवारीको फिर-घिरकर देख लिया, देर नहीं लगायी। फाटकों और खिड़कियोंको नजरमेंसे निकाल लिया। इस प्रकार किले का सारा भेद ले लिया। जब कैदियोंकी बुर्जमें पहुँचे तो मनमें बड़ा प्रसन्न हुआ। इधर-उधर सत्तर कैदी थे। बीचमें सरदार डूंगसिंघ था। डूंगसिंघने जब जाट (लोटिये) की सूरत पहचानी तो नेत्रोंसे आसू बह चले, छाती भर आयी, हृदय उमड़ आया। इस प्रकार डूंगसिंघका धैर्य जाता रहा। वह बोला——अरे लोटिया! तुझे शाबाश। जाटनीने तुझे खूब जन्म दिया, यह मरनेकी घड़ी बज चुकी थी, तू खूब वेश बनाकर आया, कुंवरोंके माथे पर हाथ फेरना, रानीको धैर्य बधाना, भाई-भतीजोंको मुजरा कहना, माताजीको बहुत-बहुत प्रणाम कहना, जुहारसिंहको यों समझाना कि घरकी देखभाल रखे, जीते रहे तो फिर मिलेंगे, नहीं तो वैकुण्ठमें मिलन होगा, जुहारसिंघको तुम चुपचाप यह खबर सुना देना कि सात दिनोंका हुक्म सुना दिया है, कालेपानी ले जायगे।

सुथारसिंघने छानै सी थे   होक्यो ग्यवर सुणाय
सात दिनांकी बोली दीनी,   काळे पाणी छे जाय
कायर जातीका डूंगजी ! तू   कायरता मत छाड़
सात दिनांके भीतर थाने   घर छे ज्याऊं छुड़ाय
जद कातणको कह्यो छोटिये   डूंग महाराई ठीक
धीर धोवमा बंधा डूंगने   की जाणकी सीख

काछ किळे हूं नीसरतां थां
ढेलयो माळे मोरचा कोइ   करण्यो वाळे सफील
आधी रात पहरका तड़का   जोगयां धूणी ठाथी
मगरां के जमनामें फेंक्या   तूंबा दिया तिराथी
असी रिप्यांमें लियो टोडको   हाक्या रातूं-रात
गढ़ बठोठके आया गोरवें   ऊगतड़े परभात

छोटियेने उत्तर दिया—हे कायर जातीके डूंगसिंह ! कायरता मत कर सात दिनोंके भीतर भीतर तुझे छुड़ाकर घर ले जाऊंगा। फिर छोटियेने डूंगसिंहसे बन्धन काटनेकी बात ठीक की और उसको धैर्य बधाकर आनेके लिये विदा ली।

आज किलेसे निकलते हुए उनने   छोटिया मोरचे देख रहा था कर्णिया बहारवीचारीको ताक रहा था। आधी रात बीतने पर जब प्रातःकाल होनेको पहर भर रह गया था जोगियोंने धूनी उठा दी। मगरों बालोंको लेकर यमुनामें फेंक दिया और तूंबोंको पानीमें तैरा दिया। अस्सी रुपयोंमें अनेक बहान खरीद लिया और रातोंरात चल पड़े। प्रभात होते ही बठोठ गढ़के मैदानमें आ गहुंचे।

(गोरवें= गायोंके बैठनेका मैदान गांव की सीमा जहां रात को गायें बैठती हैं)।

(६)

लोट्यें तो मुजरा करया नव करण्यें राज-जुहार
साम उठकर मुजरा झेल्यो ज्वारसिंघ सिरदार
तू गयो, लोट्या ! आगरे, न कोइ, कहो सहरकी बात

के कहूं, म्हारा रावजी !, कोइ, म्हासूं कयो न जाय
डूंग म्हारले देख'र आया लाल किलेके मांय
इं जीवनूं मरणो चोखो, बुरो कैदका काम
हाथांमें तो पड़ी हथकड़ी, बेड़ी पावां मांय
गळमें तौक-जंजीर पड़ी है, बंद पींजरे मांय
सात दिनांकी बोली लिख दी, काळे पाणी ले ज्याय
मिलणो हो तो मिलो, रावजी ! फेर मिलणका नांय

इतणी बातां हुई कचेड़यां, गयी रावळा मांय
राणी रोवण लागी मया रंग-महलके मांय
कंवर रोवण लाग्या सबै भरी कचेड़ी मांय

---

(६)

लोटियेने मुजरा किया और करणियेने राजसी जुहार। सरदार जवारसिंघने उठकर और सामने आकर मुजरेको स्वीकार किया और कहा—लोटिया ! तू आगरे गया था, उस शहरकी बात कह। लोटियेने उत्तर दिया—हे मेरे रावजी ! क्या कहूँ ? मुझसे कहा नहीं जाता, हम डूंगसिंघको लाल-किलेमें देखकर आये हैं, कैदका काम बड़ा बुरा है, इस जीनेसे मरना अच्छा, हाथोंमें हथकड़िया पड़ी हैं, पैरोंमें बेड़ी पड़ी हैं, गलेमें तौक और जंजीर पड़ी हैं, स्वयं पिंजड़ेमें बन्द हैं, सात दिनोंमें कालेपानी ले जानेका हुक्म लिख कर सुना दिया है, हे रावजी ! मिलना हो तो मिल लो, फिर मिलनेके नहीं।

इतनी बातें कचहरीमें हुई, वे उड़कर रनिवासमें पहुँची। रंगमहलमें रानी रोने लगी। राजकुमार भरी कचहरीमें रोने लगे। उनको समझाया—रोवो मत, रुदन मत

मत रोओ मत रुदन करो, काइ मत ना हुवो उदास
रात-रात परवाना भेजां माई मतीजां पास

सेखावत बीदावत चढिया चढिया तंवर पंवार
मेड़तिया मेड़तिया चढिया, चढ्या नरूका साथ
च्यार कूंट गुसांयांका चढिया दादूपंथी साथ

मूठी-मूठी बान बणा ल्यो, मूठो बामरो बीन
घुग-घुग करलां कू बो मांडो, घुग घुग घुड़लां लीय
आपां सो बानैरी बणस्यां, बीन बणै मोपाळ
दोय जणा लागढ़िया बणजै चिपू घो अरसाळ
हाथां पगांकै बांधो डोरड़ा, सिर सोनाको मोड़
कानां घाळो मामा-मुरकी गळमें घाळो गोप
लाल चोमणे मामा मोचा, लाल कमारी चोड़ो
लाल पापड़ी, रातो बागो रातै महियै घोड़ो

मरो उदास मत होओ रात-दी-रातमें सब माई-मतीजों (कुटुम्बियों) के पास परवाने लिखकर भेजते हैं (और हू गबीको छुड़ानेके लिये तय्यारी करते हैं)।

